सं. ई-11011/2/2012-हिन्दी
भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

शास्त्री भवन, नई दिल्ली,
दिनांक: 07 सितम्बर, 2012

# परिपत्र

**विषय: उर्वरक विभाग में हिन्दी पखवाड़ा (दिनांक 14.9.2012 से 28.9.2012 तक) के दौरान विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन**

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी उर्वरक विभाग में हिन्दी पखवाड़े के अवसर पर (14.9.2012 से 28.9.2012 तक) निम्नलिखित प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों का आयोजन विभाग के सम्मेलन कक्ष कमरा सं. 220 'ए' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली में किया जाएगा :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | माननीय गृहमंत्री/उर्वरक मंत्री का संदेश संप्रेषण | 14.09.2012 |
| 2. | हिन्दी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता | 17.09.2012 (अपराह्न 2.30 से 4.30 बजे) |
| 3. | हिन्दी टिप्पण और प्रारूप लेखन प्रतियोगिता ('ग' क्षेत्र सहित) | 18.09.2012 (अपराह्न 2.30 से 4.30 बजे) |
| 4. | हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता | 20.09.2012 (अपराह्न 2.30 से 4.30 बजे) |
| 5. | हिन्दी टंकण प्रतियोगिता | 21.09.2012 (अपराह्न 2.30 से 4.30 बजे) |
| 6. | हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता | 24.09.2012 (अपराह्न 2.30 से 4.30 बजे) |
| 7. | सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (केवल एम.टी.एस. हेतु) | 25.09.2012 (अपराह्न 2.30 से 4.30 बजे) |
| 8. | हिन्दी कार्यशाला (डेस्क/अनुभाग अधिकारी) | 26.09.2012 (अपराह्न 2.00 से 4.30 बजे) |
| 9. | हिन्दी कार्यशाला (सहायक/आशुलिपिक) | 27.09.2012 (अपराह्न 2.00 से 4.30 बजे) |
| 10. | हिन्दी कार्यशाला (उ.श्रे.लि./अ.श्रे.लि./डेस्क कार्य करने वाले सभी एमटीएस) | 28.09.2012 (अपराह्न 2.00 से 4.30 बजे) |

2. हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं। 'ग' क्षेत्र - तमिल, तेलुगु, कन्नड, मलयालम, बांगला, असमिया, मणिपुरी, उड़िया, कोंकणी मातृभाषा वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को सभी प्रतियोगिताओं (हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता को छोड़कर) में 10% अतिरिक्त अंकों का लाभ दिया जाएगा।

3. इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को क्रमश: 2500 रुपए, 2000 रुपए, 1500 रुपए, तथा 1000 रुपए के प्रोत्साहन पुरस्कार *(हिन्दी निबन्ध, हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन तथा हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन ('ग' क्षेत्र के लिए) प्रतियोगिताओं के संबंध में तीन-तीन प्रोत्साहन पुरस्कार तथा हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में दो-दो प्रोत्साहन पुरस्कार)* प्रदान किए जाएंगे।

4. कविता पाठ प्रतियोगिता के लिए मौलिक एवं स्वरचित कविताओं को ही प्राथमिकता दी जाएगी।

5. किसी भी प्रतियोगी को दो से अधिक पुरस्कार प्रदान नहीं किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष से गैर हिन्दी भाषी 'ग' क्षेत्र के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए हिन्दी टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता प्रारम्भ की जा रही है, वे ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में इस प्रतियोगिता में भाग लें। इसके अतिरिक्त विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी अधिक-से-अधिक संख्या में इन प्रतियोगिताओं में भाग लें और अपना नाम संलग्न प्रपत्र में भरकर हिन्दी अनुभाग को शीघ्र भेज दें। यह भी अनुरोध है कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक सभी अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित हों ताकि प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा सके ।

विकुलश्रेष्ठ

**(विनीत कुलश्रेष्ठ)**
उप निदेशक(रा.भा.)
दूरभाष: 23389755

सेवा में,

1. उर्वरक विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी/अनुभाग
2. रोकड़ अनुभाग
3. वेतन एवं लेखा कार्यालय
4. गार्ड फाइल
5. सूचना पट्ट

**प्रति सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए निम्नलिखित को प्रेषित:-**

1. उर्वरक विभाग के नियंत्रणाधीन सभी उपक्रम।
2. उर्वरक उद्योग समन्वय समिति, सेवा भवन, आर के पुरम, नई दिल्ली।
3. राजभाषा विभाग, (गृह मंत्रालय), एनडीसीसी-।। (नई दिल्ली सिटी सेंटर) भवन, 'बी' विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड़, नई दिल्ली-110001

4- एन आई सी - वेबसाइट पर डालने हेतु।